समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# शेयर बाजार की मिलीजुली शुरुआत : सेसेंक्स 340 अंक फिसला, निफ्टी 25,100 के नीचे।

Publisher

Published on 14 Jul 2025



**वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों और घरेलू आर्थिक आंकड़ों की चिंता के बीच सेसेंक्स और निफ्टी ने हफ्ते की शुरुआत गिरावट के साथ की, जाने किन शेयरों मे दिखा उतार-चढ़ाव।**

**नई दिल्ली, 14 जुलाई 2025 (सोमवार):** हफ्ते की शुरुआत में **घरेलू शेयर बाजारों ने वैश्विक संकेतों** के दबाव में कमजोर शुरुआत की है। **बीएसई सेसेंक्स 340 अंक की गिरावट** के साथ खुला, जबकि **निफ्टी 50 इंडेक्स 25,100 के नीचे कारोबार** करता दिखा।

**शुरुआती कारोबार मे गिरावट**
कारोबार की शुरुआत में **सेसेंक्स 201.02 अंक यानी 0.24% की गिरावट** के साथ **82,311.99** पर पहुंच गया, वहीं **निफ्टी 50 ने 42.15 अंक की गिरावट के साथ 25,102.80** पर कारोबार शुरू किया।

**बढ़त वाले शेयर :** सन फार्मा, SBI लाइफ इंश्योरेंस, अपोलो हॉस्पिटल्स, पावर ग्रिड कॉर्प और टाइटन कंपनी
**घाटे मे रंहे शेयर :** इंफोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और टाटा मोटर्स

**शुक्रवार को भी बाजार मे गिरावट**
१. **पिछले कारोबारी दिन यानी शुक्रवार, 11 जुलाई को भी बाजार मे गिरावट दर्ज की गई थी।**
२. **सेसेंक्स 689.81 अंक या 0.83% गिरकर 82,500.47 पर बंद हुआ**
३. **निफ्टी 205.40 अंक या 0.81% गिरकर 25,149.85 पर बंद हुआ**
४. **BSE मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स मे भी क्रमशः 0.5% और 0.7% की गिरावट देखी गई, जिससे दो दिनों की तेजी**

पर विराम लग गया।

## गिफ्ट निफ्टी से मिले संकेत

सोमवार सुबह गिफ्ट निफ्टी में भी गिरावट देखी गई। यह **इंडेक्स 25,173.50** के आसपास कारोबार कर रहा था, जो **निफ्टी फ्यूचर्स** के पिछले बंद भाव से 48.4 अंक कम है, जिससे बाजार में सुस्ती का संकेत मिला।

## बाजार पर असर डालने वाले कारक

आज बाजार पर कई घरेलू और वैश्विक फैक्टर असर डाल सकते हैं:

१. **जून 2025 के सीपीआई (CPI) और डब्ल्यूपीआई (WPI) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े**
२. **अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा EU और मेक्सिको पर 30% टैरिफ का ऐलान**
३. **चीन के जून महीने के व्यापार आंकड़े**
४. **HCLTech के Q1 नतीजे**
५. **संस्थागत निवेशकों के रुझान**
६. **IPO गतिविधियां और**
७. **कमजोर ग्लोबल संकेत**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.